## एक नजर में

### वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल हुआ श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग



**खंडवा।** जिले में नर्मदा नदी के पावन तट पर स्थित श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग को उनकी अद्वितीय महिमा और धार्मिक महत्व के लिए विश्व रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। 23 मार्च 2026 को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में 'गदर 2' फिल्म की अभिनेत्री सिमरत कौर रंधावा और विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अध्यक्ष डॉ. दीपक हरके ने यह सम्मान प्रदान किया।

यह प्रतिष्ठित विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्र श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी राव पुष्पेंद्र सिंह ने स्वीकार किया। पुराणों में वर्णित महिमा के अनुसार, ओंकारेश्वर एकमात्र ऐसा ज्योतिर्लिंग है जहाँ भगवान शिव प्रतिदिन तीनों लोकों के भ्रमण के पश्चात विश्राम करते हैं, जिसके कारण यहाँ की शयन आरती और दर्शन का विशेष महत्व है।

### नरवाई जलाने पर 2 किसानों पर जुर्माना

**खंडवा।** खेतों में नरवाई जलाने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए दो किसानों पर 2500-2500 रुपये का जुर्माना लगाया है। एसडीएम ऋषि कुमार सिंघई ने बताया कि तहसील खंडवा के ग्राम माथनी बुजुर्ग में कृषक आशिफ खान और भाईराम को खेत में नरवाई जलाते पाया गया। जांच के बाद नायब तहसीलदार जावर न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर दोनों किसानों पर 2500-2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने किसानों से अपील की है कि फसल कटाई के बाद नरवाई न जलाएं, क्योंकि इससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि नरवाई जलाने वालों पर अर्थदंड के साथ प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जाए।

### स्नातक और स्नातकोत्तर प्रवेश नवीनीकरण के लिए कल तक खुला रहेगा पोर्टल

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रवेश नवीनीकरण के लिए एक विशेष अवसर प्रदान किया है। स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी, जो पूरक परीक्षा परिणामों की देरी के कारण समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे, वे अब 28 मार्च तक अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं।

### पूर्व में निर्मित जल संरचनाओं की मरम्मत के निर्देश

**खण्डवा ।** जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं सतत विकास को आधार प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान शुरू किया गया है। इस वर्ष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास के कार्यों को भी शामिल किया गया है। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत कंटूर ट्रेंच, गेबियन संरचनाएं, खेत-तालाब, स्टॉप डैम, चेक डैम, तालाब, रिचार्ज शाफ्ट जैसी संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के माध्यम से वर्षा जल का अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण, मृदा संरक्षण एवं जल उपलब्धता में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा में विस्तार एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 के अंतर्गत पूर्व में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य भी किए जाएंगे।

### अग्निवीर में जिले के लिए 87 पदों पर भर्ती, 1 अप्रैल तक कराएं पंजीयन

**खण्डवा।** देश सेवा का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का बड़ा अवसर सामने आया है। सेना भर्ती कार्यालय भोपाल और महू के माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। खंडवा जिले के इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 1 अप्रैल तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित कर सकते हैं।

इस भर्ती अभियान के तहत खंडवा जिले के लिए कुल 87 पद निर्धारित किए गए हैं। रिक्तियों के विवरण के अनुसार, सबसे अधिक 73 पद अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए हैं। इसके अलावा अग्निवीर ट्रेडमैन के लिए कक्षा 10वीं स्तर पर 10 पद और कक्षा 8वीं स्तर पर 2 पद रिक्त हैं। तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए 'तकनीकी ड्यूटी' का 1 पद और 'क्लर्क' श्रेणी में भी 1 पद शामिल किया गया है।

भर्ती प्रक्रिया का संचालन सेना भर्ती कार्यालय महू के माध्यम से संपन्न होगा। आवेदन के इच्छुक युवाओं को सलाह दी गई है कि वे समय सीमा का ध्यान रखते हुए वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर पंजीकरण कराएं। भर्ती से जुड़ी विस्तृत शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा और शारीरिक मापदंडों की जानकारी आधिकारिक पोर्टल या सेना भर्ती कार्यालय महू से प्राप्त की जा सकती है।

### प्लॉट या मकान खरीदी पर जीत सकेंगे 21 ग्राम सोने का हार

**खंडवा।** निमाड़ क्षेत्र के प्रतिष्ठित बालाजी ग्रुप ने अपने ग्राहकों के लिए एक भव्य लकी ड्रा ऑफर की घोषणा की है। इस विशेष योजना के तहत आगामी तीन दिनों में ग्रुप की किसी भी कॉलोनी में प्लॉट, मकान या दुकान की खरीदी करने पर ग्राहकों को शानदार उपहार जीतने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। लकी ड्रा के मुख्य आकर्षणों में प्रथम पुरस्कार 21 ग्राम सोने का रानी हार, द्वितीय पुरस्कार 11 ग्राम सोने के कंगन, तृतीय पुरस्कार 250 ग्राम चांदी का राम दरबार और पांचवां पुरस्कार 1.5 टन का ब्रांडेड ष्ट रखा गया है। समूह के संस्थापक रितेश गोयल ने बताया कि उनका लक्ष्य निमाड़ क्षेत्र में बड़े शहरों जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। बालाजी ग्रुप की कॉलोनियों में पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए बिना पेड़ों को काटे सुंदर गार्डन, भव्य प्रवेश द्वार, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिसिटी, मंदिर और क्लब हाउस जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। श्री गोयल ने जनता के भरोसे के प्रति आभार जताते हुए कहा कि निवेश और सपनों के घर के साथ बहुमूल्य उपहार जीतने का यह सबसे सही समय है।

# पामाखेड़ी लूट के 9, नवकार नगर चोरी में 4 पकड़ाए

## डकैती और चोरी के मामलों में पुलिस को मिली सफलता

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में हाल ही में हुई डकैती और नकबजनी की दो बड़ी घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने लाखों रुपये के नगद, सोने-चांदी के गहने, बंदूक और वाहन बरामद किए हैं, जबकि कुछ आरोपी अभी फरार हैं।



खंडवा-धार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में धराए शातिर।

**पामाखेड़ी डकैती का खुलासा :** नर्मदानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पामाखेड़ी में 12 मार्च को हुई सनसनीखेज डकैती में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 6 आरोपी फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से 12 बोर की बंदूक, 27 कारतूस, 1.60 लाख रुपये नगद तथा वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो और स्विफ्ट कार जब्त की गई है। बदमाश खाकी वर्दी पहनकर खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए ललित सोलंकी के घर में घुसे थे और नौकरों को बांधकर तिजोरी तोड़कर नकदी व बंदूक लूटकर फरार हो गए थे। जांच में सामने आया कि इसी गिरोह ने अगले दिन धार जिले के बाग में नकली आयकर अधिकारी बनकर करीब एक करोड़ रुपये की लूट भी की थी।

पुलिस के अनुसार गिरोह का मास्टरमाइंड डॉक्टर शहजाद है, जो बेरछा में क्लीनिक चलाता है। गिरफ्तार आरोपियों में एक सरपंच, ज्वेलर्स व्यवसायी, ट्रैक्टर चालक, मैकेनिक, फल विक्रेता, कैटरिंग कर्मी और मजदूरी करने वाले लोग शामिल हैं। कई आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी, लूट और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।



नवकार नगर में चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**नवकार नगर चोरी का भी खुलासा :** इसी दौरान पदमनगर थाना क्षेत्र के नवकार नगर में हुई नकबजनी के मामले में पुलिस ने पारदी गैंग के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 3.25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं।

फरियादी विजय राठौर के घर 20 से 22 फरवरी के बीच ताला तोड़कर बदमाश मंगलसूत्र, टाप्स, चांदी की पायजेब, अन्य गहने और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने धीरज उर्फ दादिया, मुल्ला, राजू और आर्यन को गिरफ्तार किया, जबकि विवेक उर्फ चावलिया अभी फरार है। मुख्य आरोपी धीरज पर 16 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दोनों मामलों में कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में की गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सामाजिक समरसता संदेश के साथ निकलेगी श्रीराम रथ यात्रा : डॉ. मिश्रा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव आज मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिवर्षानुसार बडा बम स्थित प्राचीन राम मंदिर से प्रात: 8 बजे भगवान श्री राम की भव्य रथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।सामाजिक समरसता के भाव के साथ यह यात्रा वर्ष 1998 से निरंतर निकाली जा रही है, जो इस वर्ष अपने 28वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।

संयोजक डॉ. मुनीष मिश्रा ने बताया कि रथयात्रा बडाबम से प्रारंभ होकर कुम्हार बेडा, मालीकुंआ, बुधवारा, केवलराम चौक, एमजी रोड और घंटाघर चौक होते हुए विट्ठल मंदिर से बजरंग चौक स्थित राम मंदिर पहुंचेगी, यहां संतों के प्रवचन के साथ इसका विश्राम होगा।

यात्रा में बैंड-बाजे-सुसज्जित रथ में प्रभु श्री राम की छवि मुख्य आकर्षण होगी। साथ ही ट्राली में रामायण मंडल द्वारा जन्मोत्सव के बधाई गीत और राम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन में नगर के विभिन्न महिला मंडल, रामचरित मानस मंडल और व्यापारिक संगठन शामिल होंगे। विगत दिनों सुभाष नागौरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। यात्रा समिति के सदस्य लखन लाल नागोरी, शांतनु दीक्षित और अन्य पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता और मातृशक्ति से इस श्रीराम रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## झीलोद्धान में फाउंटेन और रामेश्वरकुंड से हटेगा अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पालिक निगम प्रशासन अब पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने आज शहर के झीलोद्धान, पद्मकुंड, रामेश्वरकुंड और दीनदयाल रसोई का सघन निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने की कड़ी हिदायत दी।



निरीक्षण की शुरुआत झीलोद्धान से हुई, जहां आयुक्त ने एक माह के भीतर चार अत्याधुनिक फाउंटेन स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए यहाँ मियावाकी पद्धति से सघन पौधारोपण कराने और सुरक्षा की दृष्टि से पीछे की ओर ऊंची बाउंड्री वॉल निर्माण करने की बात कही, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके। इसके पश्चात, ऐतिहासिक पद्मकुंड में कछुओं की सुरक्षा और कुंड की स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए यहाँ मुख्य प्रवेश द्वार को भव्य बनाने और आकर्षक गज़ेबो स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जिससे पर्यटकों के लिए यह स्थल और अधिक सुविधायुक्त बन सके।

रामेश्वरकुंड के निरीक्षण के दौरान आयुक्त का रुख अतिक्रमण को लेकर काफी सख्त दिखाई दिया। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाने और क्षेत्र का बेहतर डिजाइन तैयार करने के लिए ड्रोन के माध्यम से एरियल व्यू प्राप्त करने के निर्देश दिए। यहाँ 7 से 8 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल और मुख्य बावड़ी की पुनर्संरचना का कार्य भी कराया जाएगा। अंत में दीनदयाल रसोई की व्यवस्थाओं को परखते हुए आयुक्त ने प्लास्टिक फर्नीचर हटाकर स्टील फर्नीचर लगाने, पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच करने और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य राजेश यादव, कार्यपालन यंत्री वर्षा घिडोड़े और उद्यान प्रभारी मनीष झीले सहित निगम का अमला मौजूद रहा।

## खंभे पर दौड़ते करंट ने बुझाया घर का चिराग

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** विकास की नई लाइन बिछाने का काम एक परिवार के लिए काल बन गया है। खंडवा जिले के अर्दला गांव में बुधवार को नई बिजली लाइन डालने के दौरान हुई तकनीकी लापरवाही ने 24 वर्षीय मजदूर अजय भास्करे की जान ले ली।




टाकली निवासी अजय, दीवाल ग्रिड से बिलूद तक तार खींचने का काम कर रहा था, तभी पुरानी सिंचाई लाइन का करंट नई लाइन में फैल गया। खंभे पर चढ़कर काम कर रहे अजय को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वह हाई वोल्टेज की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में उसे पंधाना अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पांच भाई-बहनों में से एक अजय की मौत से पूरे परिवार में मातम पसर गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पंधाना पहुंचे और मृतक के पिता सुखलाल भास्करे से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने घटना को बिजली विभाग और संबंधित ठेकेदार की घोर लापरवाही बताया। उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ पंधाना थाने पहुंचकर थाना कड़ी कार्रवाई करते हुए मृतक के परिवार को तत्काल उचित आर्थिक मुआवजा दिए जाने की बात कही।

### बिना परमिट काम करा रही थी कंपनी

बिजली कंपनी के सहायक यंत्री विवेक कुमार राजभर ने बताया कि उक्त कार्य बीटीएल कंपनी द्वारा कराया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि कंपनी के प्रतिनिधि भारत सोनी और स्थानीय ठेकेदार कृष्णा द्वारा बिना परमिट लिए काम किया जा रहा था जिसकी सूचना भी विभाग को नहीं दी गई। मामले की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## किलकारी शिशु गृह में दो मासूमों को मिला आशियाना



**खंडवा।** दो दुधमुंहे मासूमों के जीवन में गुरुवार को नई सुबह की किरण फूटी है। बाल कल्याण समिति के त्वरित आदेश पर एक बालिका और एक बालक शिवाय को सहज समागम फाउंडेशन (विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण) द्वारा संचालित किलकारी शिशु गृह में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है।

जानकारी अनुसार मासूमों ने जन्म के बाद अस्पताल में अत्यंत कठिन स्वास्थ्य परिस्थितियों का सामना किया था। अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि बाल कल्याण समिति बाल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। हाल ही में संपन्न जिला बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने भी समिति की कार्यप्रणाली और बच्चों के पुनर्वास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की थी।

## पोरवाड़ समाज ने प्रेमांशु जैन का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा पर प्रेमांशु जैन को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पोरवाड़ सामाजिक मंच के पदाधिकारियों सहित समाज के वरिष्ठजनों ने उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प श्रीफल से स्वागत किया।



समाज के चिंतामण जैन ने कहा कि प्रेमांशु जैन के लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों का उचित प्रतिफल है। इस अवसर पर प्रेमांशु जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ आमजन की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन तक पहुँचाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में वीरेन्द्र भटयांण, चिंतामण जैन, मनीष जैन महल और श्रीमती योगिता जैन सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अरिहंत स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**नया हरसूद।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित कक्षा पाँचवीं और आठवीं के परीक्षा परिणामों में नगर की अरिहंत स्कूल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं अंग्रेजी माध्यम में शिवानी खाटरे ने 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दार्शिका गुर्जर व


शिवानी खाटरे 96%


निशांत लौवंशी 5 EM 93%


8 HM हर्षिता चौहान 95%

डाली चौहान ने 94% के साथ द्वितीय और महक गौर ने 93% के साथ तृतीय स्थान पाया। हिंदी माध्यम में हर्षिता चौहान ने 95% अंकों के साथ बाजी मारी, जबकि प्रगति लौवंशी और पूजा मंडलोई क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा पाँचवीं अंग्रेजी माध्यम में निशांत लौवंशी ने 93% के साथ पहला स्थान हासिल किया, वहीं शिवांश मीणा द्वितीय और ज्योति राजपूत, ध्रुव कुशवाह व नूपुर बंसल संयुक्त रूप से तृतीय रहे। हिंदी माध्यम में स्नेहा राजपूत, ऋषभ जैन और अमित व अश्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बड़ी उपलब्धि पर शाला संचालक संतोष जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन, प्रधानाध्यापिका प्रीति दुबे और मैनेजिंग डायरेक्टर अक्षत जैन सहित समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## लोक अभियोजन भर्ती और आयु गणना में सुधार के लिए वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

**नया हरसूद।** मध्य प्रदेश गृह विभाग द्वारा हाल ही में प्रदेश के न्यायालयों में रिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारियों की भर्ती के लिए जारी विज्ञापन को लेकर अधिवक्ताओं ने अपनी मांगें बुलंद की हैं। इस संबंध में अधिवक्ता संघ हरसूद के सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रक्रिया में पात्र अभ्यर्थियों की आयु की गणना 1 जनवरी 2027 के स्थान पर 1 जनवरी 2026 से की जाए, ताकि लंबे समय से इस भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे कई योग्य उम्मीदवार ओवरएज होने से बच सकें और उन्हें भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित होने का अवसर मिल सके। अधिवक्ताओं ने वर्तमान में मध्य प्रदेश में लोक अभियोजक के 500 से अधिक पद रिक्त पड़े हैं, जिसके कारण न्यायालयों में लंबित मामलों के निराकरण में अनावश्यक विलंब हो रहा है। इस दौरान अधिवक्ता नीलेश कौशल, श्रीकृष्ण नामदेव, कैलाश यादव, रामलाल गौतम, ललित शुक्ला और हेमराज जौंजारे सहित संघ के अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## एनएसए के तहत अय्यूब की निरुद्ध अवधि तीन माह बढ़ी

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश गृह विभाग ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के अंतर्गत मुंदवाड़ा निवासी अय्यूब पिता इस्माईल अली की निरुद्ध अवधि को आगामी तीन माह के लिए बढ़ा दिया है। वर्तमान में ग्वालियर केंद्रीय जेल में बंद अय्यूब की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। अब अय्यूब की निरोध अवधि 25 मार्च से बढ़ाकर 25 जून 2026 तक कर दी गई है।

## दो बाइक चोर गिरफ्तार, 80 हजार की मोटरसाइकिल बरामद

**खण्डवा।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में चलाए जा रहे चोरी रोको अभियान के तहत मूंदी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया के नेतृत्व में टीम ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (MP-12 MS-6455) बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 80,000 रुपये आंकी गई है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि फरियादी राधेश्याम निवासी गुयडा की शिकायत पर अपराध क्रमांक 99/26 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।